# बोलेरो की टक्कर से दो युवकों की मौत

## पुलिस ने वाहन जब्त कर शुरू की चालक की तलाश

नवभारत न्यूज

**सीधी, 28 मार्च. जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंद्रेह में हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया जबकि दूसरे की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई ।**

घटना के बाद बोलेरो को पुलिस ने जप्त कर लिया है जबकि चालक फिलहाल फरार है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चंद्रेह निवासी हर्षित विश्वकर्मा और विपिन विश्वकर्मा घर के पास ही सड़क के किनारे बैठे हुए थे । इसी दौरान चालक तेज रफ्तार मे बोलेरो लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दोनों को जोरदार टक्कर मार दी और घटनास्थल से फरार हो गया ।



घटना के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां एक युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे युवक को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है । घटना के बाद पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की मदद से बोलेरो की पहचान कर उसे जप्त कर लिया है जबकि चालक फिलहाल फरार है।

# कुत्तों के झुंड ने किया सांभर के बच्चे का शिकार

## चित्रकूट के चौबेपुर की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 मार्च. चित्रकूट वन परिक्षेत्र के चौबेपुर वार्ड नंबर 15 में कुत्तों के झुंड ने एक सांभर के बच्चे का शिकार कर लिया। गेहूं के खेत में दौड़ाने के बाद हुए हमले में सांभर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।**

यह घटना शनिवार सुबह की है। जब थर पहाड़ के जंगल से भटककर एक मादा सांभर का बच्चा चौबेपुर गांव के खेत में पहुंच गया था। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने सांभर को बचाने का प्रयास किया, जिससे कुत्ते भाग गए। हालांकि, सांभर गंभीर रूप से घायल हो चुका था। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सांभर की मौत हो चुकी थी। वन विभाग ने सांभर के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



# भरण पोषण की धाराओं में 3 गिरफ्तार

## माड़ा थाना पुलिस ने दो स्थाई वारंटी को भी किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 मार्च। माड़ा पुलिस ने लम्बे अर्से से फरार वारंटियों को गिरफ्तार की है। न्यायालय के द्वारा वारंट जारी किया गया था।**

माड़ा पुलिस के अनुसार न्यायालय द्वारा धारा 125 दं.प्र.सं. के अन्तर्गत फरार चल रहे वारण्टी के खिलाफ लगातार फरार रहने एवं पीड़िता महिला को खर्चा खुराकी न देने के कारण स्थाई गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया था, जिस पर थाना प्रभारी माड़ा शिवपूजन मिश्रा को आज दिन शनिवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की आरोपी चोरी छिपे अपनी दूसरी पत्नी के घर ग्राम छतौली में शक्तिनगर से आया है, स्थाई वारण्टी राधेश्याम केवट पिता सुखलाल केवट उम्र 45 वर्ष निवासी छतौली को ग्राम छतौली से गिरफतार किया गया। जिसके खिलाफ न्यायालय द्वारा धारा 128 दं.प्र.सं. में स्थाई वारण्ट जो भरण पोषण की राशि 1 लाख 12 हजार रूपये एवं धारा 144(3) बीएनएसएस में गिरफतारी वारण्ट है, जो भरण पोषण की राशि 49500 रूपये की थी, देने में असफल रहा था।



उक्त कार्रवाई में प्रआर संजय सिंह परिहार, गणेश रावत, इन्द्रेश शर्मा, आर राजकुमार सिंह, संदीप सिंह लोधी, सुन्दर कास्दे, अखिल साहू, राजा, राकेश यादव की सराहनीय भूमिका रही।

### 1 लाख की राशि का नहीं किया गया भुगतान

इसी प्रकार मुखिया उर्फ तेजबली वैश्य पिता स्व. रामलाल वैश्य उम्र 28 वर्ष निवासी बिन्दूल थाना लंघाडोल को शक्तिनगर से कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किया गया था, जिसके खिलाफ धारा 125 (3) दं.प्र.सं. में स्थाई वारण्ट एवं एक गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया गया था, जो करीब 1 लाख रूपये भरण पोषण की राशि देने में असफल हुआ था। एक अन्य भरण पोषण के गिरफतारी वारण्टी मोतीचन्द पाल निवासी कोयलखूथ को भी गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था।

# पूर्व विधायक गणेश बारी का निधन



**सतना, 28 मार्च.** चित्रकूट विधानसभा के पूर्व विधायक गणेश बारी का शनिवार को इलाज के दौरान रीवा के संजयगांधी अस्पताल में निधन हो गया. श्री बारी प्रदेश में सामाजिक न्याय की बयार के चलते चित्रकूट क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी से विधायक चुने गए थे. इसके पूर्व इलाज के लिये जिला चिकित्सालय सतना में भी भर्ती कराया गया था.

# गौ मांस के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

## सटीक मुखबिरी से पकड़े गए आरोपी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 मार्च, चोरहटा पुलिस ने करहिया नंबर एक में दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 14 किलो गौ मांस जप्त किया है.**

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जप्त किए गए मांस को परीक्षण के लिए भेजा है. कार्यवाही के संबंध में थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद बीती रात्रि थाना क्षेत्र के करहिया नंबर एक में दबिश देते हुए शंकर और शमशेर साकेत नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया. जिनकी ली गई तलाशी के दौरान संदिग्ध मास जप्त किया गया है. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गौ मांस होने की जानकारी दी. जिसे जप्त कर जांच के लिए एफएसएल टीम के पास भेजा गया है. तस्करों के पास से 14 किलो संदिग्ध मांस जप्त किया गया. आरोपी मांस तस्करी की फिराक में थे. लेकिन उससे पहले ही चौरहटा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.



# मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश कार से टकराएं

▶ दो पकड़े गए, एक मोबाइल लेकर हुआ फरार, कोतवाली क्षेत्र के समीपी कॉन्वेंट चौराहा की वारदात

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 मार्च। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के नजदीकी सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल तिराहे के पास आज दिन शनिवार की शाम के वक्त मोबाइल छिनैती की वारदात सामने आई।**

बाइक सवार तीन युवकों ने एक युवती से मोबाइल छीनकर भागने की कोशिश की, लेकिन अनियंत्रित होकर उनकी बाइक एक कार से टकरा गये। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने दौड़कर दो आरोपियों को पकड़ लिया, जबकि एक युवक घटना में प्रयुक्त बाइक मौके पर छोड़कर छीना गया, मोबाइल लेकर फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने पकड़े गए दोनों युवकों की जमकर पिटाई भी कर दी। सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जप्त कर लिया है। पीड़िता शिवानी सिंह ने बताया कि वह रास्ते में मोबाइल पर भजन सुनते हुए जा रही थी, तभी बाइक सवार तीन युवक पास से निकलते हुए उसका मोबाइल छीनकर भाग गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आरोपियों का पीछा किया। भागने के दौरान बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर एक कार से टकरा गई, जिससे दो आरोपियों को चोटें आईं। हादसे में कार का साइड हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक भी शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचा है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।



# पैसों के विवाद में भाजपा मंडल अध्यक्ष के पति पर जानलेवा हमला

## न्याय न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**सीधी, 28 मार्च. जिले के बहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जेठूला गांव में उधारी के पैसों के लेनदेन को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष के पति पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है।**

इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मामला दर्ज होने के बावजूद उन्हें लगातार सामाजिक और पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते वे पिछले चार दिनों से घर में ही कैद रहने को मजबूर हैं । जानकारी के अनुसार मायापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष सियाकुमारी के पति कमलेश पर गांव के ही योगेंद्र बहादुर सिंह द्वारा कथित रूप से हमला किया गया ।बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पहले से उधारी पैसों को लेकर विवाद चल रहा था, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गया ।इस दौरान कमलेश को गंभीर चोटें आईं । घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर बहरी थाना पुलिस ने आरोपी योगेंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है,हालांकि पीड़ित परिवार का कहना है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है और आरोपी पक्ष द्वारा समझौते के लिए दबाव बनाया जा रहा है ।



पीड़ित कमलेश ने एक वीडियो जारी कर अपनी पीड़ा व्यक्त की है ।वीडियो में उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें और उनके परिवार को लगातार धमकियां मिल रही हैं । उन्होंने कहा कि यदि उन्हें जल्द न्याय नहीं मिला तो वे बहरी थाने में ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएंगे ।इस बयान के बाद प्रशासनिक अमले में भी हलचल मच गई है ।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

इस पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा ।फिलहाल इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और लोग पुलिस की आगामी कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं ।पीड़ित परिवार ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है ताकि उन्हें न्याय मिल सके।


# सीधी के आसमान से गुजर रहे फाइटर जेट्स

## लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना

नवभारत न्यूज

**सीधी, 28 मार्च. सीधी जिले के विभिन्न भागों से करीब दो महीने से तेज आवाज के साथ फाइटर जेट्स गुजर रहे हैं। कभी-कभी तो थोड़े अंतराल से 2-3 फाइटर जेटस गुजरते हैं।**

आज सुबह करीब 9ः30 बजे सीधी शहर से ही कुछ अंतराल से फाइटर जेट्स गुजरे। काफी कम ऊंचाई पर गुजरने से लोग काफी हैरत में पड़ जाते हैं। यह फाइटर जेट्स सीधी शहर क्षेत्र, भंवरसेन सोन पुल, शिकारगंज क्षेत्र से गुजरने पर स्थानीय लोगों द्वारा इन सैन्य विमानों के वीडियो भी बनाए गए हैं जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। यह संभवतः वायुसेना के नियमित युद्धाभ्यास का हिस्सा हो सकता है। लेकिन आधिकारिक पुष्टि के बिना यह चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग तेज आवाज में गुजरते इन फाइटर जेट्स को देखकर राफेल, तेजस की चर्चा करते हैं। उक्त फाइटर जेट्स की आवाज काफी तेज होने एवं इनकी बनावट अलग होने से लोगों में काफी कौतूहल है।



# बाइक फिसलने से तीन युवक घायल

## तेज रफ्तार से बिगड़ा संतुलन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 मार्च, गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरगी महसांव रोड स्थित मनु जूनियर स्कूल के पास शनिवार को सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.**

जानकारी के अनुसार सिलचट गांव निवासी रामबरन केवट सहित दो अन्य युवक बाइक पर सवार थे. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की रफ्तार अधिक थी, इसी दौरान चालक संतुलन खो बैठा और बाइक फिसल गई. हादसे में तीनों युवक सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं. दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही गुढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया.

पुलिस ने एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी. ऐसे में पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपने वाहन से संजय गांधी अस्पताल रीवा पहुंचाया. अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है, डॉक्टरों के अनुसार तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है.

# प्राचार्यों-एईओ केन्द्र प्रभारियों को आज दोपहर तक का मिला वक्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 मार्च। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो एवं एईओ केन्द्र प्रभारियों को निर्देश जारी किया है.**

आज रात अथवा कल 29 मार्च प्रातः 11 बजे तक जिन एईओ, संकुल का नामांकन, मैपिंग कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण नही होता है तो ऐसे केन्द्र प्रभारियों एवं विद्यालय प्रमुखों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संस्थान रीवा के यहां भेजा जाएगा। डीईओ ने आगे कहा है कि इसके लिए कल 29 मार्च दोपहर 12 बजे तक उक्त कार्य पूर्ण करने के लिए समय दिया गया है।

अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी। डीईओ ने सभी संकुल/एईओ केन्द्र प्रभारी संबंधित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से तत्काल संपर्क कर कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के लिए सुनिश्चित किया है।


नव भारत

*यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो*

**आवश्यकता है**

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के सतना संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**सब एडीटर**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

**प्रसार प्रतिनिधि**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का अनुभव स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**रिपोर्टर**
योग्यता - स्नातक, रिपोर्टर क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

: संपर्क करें :
नवभारत प्रेस होटल साई छाया इन के सामने रीवा रोड, गहरा नाला सतना (म.प्र.)
फोन :- 9827271199, ई-मेल : navabharatsatna@gmail.com


# मां ज्वालामुखी मंदिर में लगायी गई चैतन्य देवियों की झांकी

▶ बनी आकर्षण का केंद्र

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 28 मार्च। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थानीय शाखा तपोवन काम्प्लेक्स, विंध्यनगर-सिंगरौली द्वारा चैत नवरात्रि के अवसर सुप्रसिद्ध मॉ ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में चैतन्य देवियों की मनोरम झांकी लगायी गई है, जो मंदिर प्रांगण में आ रहे श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण के केंद्र बनी हुई है।**



झांकी अवलोकन करने आ रहे श्रद्धालुगण चैतन्य झांकी के दर्शन करके देवियों की एकाग्रता देख हतप्रद रह जाते हैं। साथ ही साथ आध्यात्मिक ज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसके द्वारा सभी को आध्यात्मिक ज्ञान भी दिया जा रहा है और सभी को राजयोग मेडिटेशन सिखने की प्रेरणा भी दी जा रही है, ताकि वो चैतन्य देवियों की तरह खुद भी मन-बुद्धि की एकाग्रता बढ़ा सके और अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचान उन्हें जागृत कर सकें। झांकी में प्रति दिन नगर विशिष्ट जन पधार रहे हैं, जैसे एनसीएल बीना परियोजना के प्रबंधक वाईके तिवारी, जयंत के इंजीनियर श्रीवास्तव प्रमुख शलोकी प्रसाद मिश्रा, थाना प्रभारी कमल नयन एवं साथी ही व्यापारी राजेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विवि की पहल

यह झांकी सिंगरौली क्षेत्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शोभा के निर्देशन में लगाई गयी हैं, जिसमें बह्माकुमारी अंजु, बह्माकुमारी सविता, बह्माकुमारी प्रियंका, बह्माकुमारी सरिता, बह्माकुमार श्याम का विशेष सहयोग रहा है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99